मामलों को निपटाने में देरी हुई है, उनकी संख्या का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

वर्ष	प्राप्त आवेदन पत्र	जिनके निपटान में देरी हुई
1985	10,003	282
1986	10,239	350
1987	6,215	206

उपर्युक्त कारणों को दृष्टिगत रखते हुए दिल्ली प्रशासन ने कहा है कि इस मामले में जांच कराने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

डी०एस०सी०एस०सी० लिमिटेड के माध्यम से आयातित चीनी की सप्लाई

2068. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली राज्य नागरिक पूर्ति निगम के अध्यक्ष द्वारा पूर्वी दिल्ली में निर्धन लोगों में आपूर्ति हेतु उपभोक्ता सहकारी भण्डारों को आयातित चीनी और अन्य वस्तुएं उपलब्ध नहीं करायी जा रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार के भेद-भाव के क्या कारण हैं और क्या सरकार पूर्वी दिल्ली में रहने वाले निर्धन लोगों को आयातित चीनी तथा अन्य उपभोग की वस्तुएं उपलब्ध कराने और उनके प्रति इस भेदभाव को भी समाप्त करने का विचार रखती है ;

(ग) क्या इस संबंध में कोई विसंगति सरकार की जानकारी में लाई गयी है , और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी० एल० बैठा) : (क) दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि उन्हें इस बारे में किसी भी उपभोक्ता सहकारी भंडार से ऐसी कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुई है ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

Loss of man-days in industries and coal mines

2069. SHRI SAMAR MUKHERJEE: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) what are the names of ten top industries in the country in terms of loss of man-days per thousand workers employed, during the last three years, year-wise; and

(b) what is the ranking of coal mines vis-a-vis Industries, in terms of total loss of man-days per thousand workers employed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Information on industry-wise employment for the last three years is not available. However, the top ten industry groups ranked on the basis of loss of man-days during the period 1985—1987 is given in the attached statement. [*See* Appendix CXLVI, Annexure No. 76]

(b) From out of 30 major industry groups, the Coal Industry in terms of loss of mandays ranked the 16th in 1985, the 9th in 1986 and the 8th in 1987.

Central grant for providing drinking water in Rayalseema District of Andhra Pradesh

2070. SHRI TALARI MANOHAR: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the Central Government are making any special grants for providing drinking water to Rayalseema District in Andhra Pradesh; and

(b) if so, the details thereof?